



### एक नजर में



## प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान किया

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा विनय मिश्रा ने श्रीमती अनुश्री जैन का लीगल राइट काउंसिल मध्यप्रदेश की अध्यक्ष बनने पर स्वागत एवं सम्मान किया. प्रतिनिधि मंडल में डॉ रश्मि दुबे ,डॉ बिंदु श्रीवास्तव, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, प्रगति बिल्थरे, सुप्रिया यादव, नेहा दुबे, राज शाक्यवार शामिल थीं.



## खरीदी केंद्रों पर समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**रहली.** किसानों को खाद, मूंग खरीदी और खरीदी केंद्रों पर हो रही विभिन्न समस्याओं के संबंध में तहसीलदार को कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान खमरिया सोसायटी में किसानों को खाद वितरण में आ रही परेशानी को लेकर बात की और तुरंत समाधान सुनिश्चित करवाया. ज्ञापन देने वालों में ज्योति पटेल, सौरभ हजारी, रत्नेश कुशवाहा, दीपक जैन, बिहारी कुशवाहा, रविन्द्र लोधी, केशव पटेल, रोहित कुर्मी, भोले अहिरवार, हरिभजन पटेल, महेंद्र बाकड़ा सहित उपस्थित रहे.



## मेयर ने पार्षदों के साथ एसटीपी का किया निरीक्षण

**सागर.** महापौर श्रीमति संगीता तिवारी ने पथरिया हॉट स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महापौर ने एसटीपी में शहर के गंदे पानी को स्वच्छ कर उपयोगी बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और संयंत्र के संचालन के दौरान समस्याओं के संबंध में सुपरवाईजर ने जानकारी दी. इस दौरान डॉ सुशील तिवारी, शैलेन्द्र ठाकुर, राजकुमार पटैल, संगीता जैन,रूबी पटैल, रिशांक तिवारी उपस्थित थे.



## विखं स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**सागर.** दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया में विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया .शुभारंभ मुख्य अतिथि महेश अहिरवार क्रीड़ा अधिकारी, नवीन तिवारी, डायरेक्टर इंजी. ऋतुल सराफ एवं प्राचार्य जिजीश जोसफ ने प्रतियोगिता को प्रारंभ किया. प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के रेफरी अमित जैन, रतनदीप, कृष्णा सिंह रहे. शासकीय हाई स्कूल कुडारी, में आयोजित ब्लॉक-स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में डीपीएस मकरोनिया के छह छात्रों ने भाग लिया. जिनमें से पाँच छात्रों का चयन एसजीएफआई के अंतर्गत जिला स्तरीय चैंपियनशिप में प्रतिनिधित के लिए हुआ है. चयनित छात्र मयंक यादव, आदित्य दुबे, मेघ मिश्रा, आहिल खान, अंश अहिरवार 23-24 जुलाई को बीना में होने वाली जिला-स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे.



## झूठी शान में दिग्भ्रमित नशा को शान समझ रहे

**बंडा.** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रदीप वाल्मीकि के द्वारा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के मूल मंत्र दिए. उन्होने कहा कि स्वस्थ्य तन मे ही स्वस्थ्य मन का वास होता है इसलिए छात्र छात्राओं को स्वाद के अनुसार न खाकर स्वास्थ्य के अनुसार भोजन आहार लेने, उत्तम स्वास्थ्य हेतु खेलकूद गतिविधि से जुड़ने, साइबर सुरक्षा, यातायात नियम पालन करने, अन्य ललित कला से रूबरू होकर पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य साहित्य पठन पाठन हेतु भी बताया. श्री वाल्मीकि ने कहा कि नशा शब्द को उलट कर देखने पर यह शान का रूप लेता है और आज की युवा पीढ़ी इसी झूठी शान मे पढ़कर दिग्भ्रमित हो रहे है.

## सांदीपनि कर्मचारी यूनियन का गठन



**बांदरी.** सांदीपनि कर्मचारी यूनियन का सर्वसम्मति से गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष व्हीके दुबे, उपाध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा, सचिव रामेश्वर नामदेव, सहसचिव एस.एस. ठाकुर, प्रवक्ता सुनील गुप्ता को सर्वसम्मति से चुना गया. सांदापनि हायर सेकेंडरी स्कूल बांदरी के प्राचार्य देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि संगठन के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं का निदान किया जाएगा. इस अवसर पर सुरेश पटैल, जीएल सिलावट, दिलीप चौबे, मंजू यादव, के.पी. सिंह, वंदना तिवारी आदि उपस्थित थे.

## कावड़ यात्रा को लेकर बैठक आज

**सागर.** तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा की तैयारी को लेकर 20 जुलाई रविवार को दोपहर 3 बजे भोपाल रोड स्थित गार्डन में कथा वाचक पंडित केशव गिरीं महाराज के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित की गई है.

# पेयजल सप्लाई का समय तय नहीं

### परिषद के सम्मेलन में सप्लाई का समय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं कंपनी को

नवभारत न्यूज

**सागर 19 जुलाई. शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त होती जा रही है. जल वितरण की जिम्मेदारी निभा रही टाटा कंपनी की लचर व्यवस्था से आमजन भारी परेशानियों का सामना कर रहा है. पानी सप्लाई का कोई निश्चित समय तय नहीं किया गया है, जिसके कारण कभी सुबह, कभी दोपहर और कभी देर शाम को नलों में पानी छोड़ा जा रहा है. इस अनिश्चितता ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बिगाड़ कर रख दिया है.**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि टाटा कंपनी ने न तो पानी सप्लाई का समय सार्वजनिक किया है और न ही किसी सूचना



प्रणाली के तहत लोगों को अपडेट दिया जाता है. परिणाम स्वरुप कई लोग समय पर पानी भरने से वंचित रह जाते हैं. मिली जानकारी के अनुसार मधुकरशाह वार्ड स्थित आसपास की कई कॉलोनियों में में हालात और भी बदतर हैं. यहां के रहवासियों ने बताया कि पानी सप्लाई का कोई पूर्व निर्धारित समय नहीं है. जब लोग नौकरी या अन्य कामों से घर लौटते हैं, तब तक नल सूख चुके होते हैं.कई बार सुबह अचानक पानी आ जाता है.

### क्षेत्रवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

मधुकरशाह वार्डवासी अनूप कुमार का कहना है कि इस अस्थिरता के कारण उन्हें रोजाना मानसिक और शारीरिक परेशानी उठानी पड़ती है. खासकर महिलाएं, बुजुर्ग और कामकाजी लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं. उन्होने प्रशासन और टाटा कंपनी से जल वितरण का निश्चित समय निर्धारित करने की मांग की है. उन्होने कहा है कि यदि जल्द ही पानी सप्लाई के समय को नियमित नहीं किया गया, तो स्थानीय लोगों ने आंदोलन और विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है. उनका कहना है कि यह जीवन से जुड़ा मुद्दा है और लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

मालूम हो कि नगर निगम के साधारण सम्मेलन में भी जलकर की दरों में वृद्धि को लेकर आए प्रस्ताव पर जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि पहले कंपनी नगरवासियों को समय पर पानी देना सुनिश्चित करे. साथ ही पेयजल सप्लाई की सूचना सार्वजनिक कर आमजन तक पहुंचाएं कि कौन से क्षेत्र में कब और कितने बजे से सप्लाई की जायेगी. मगर आज दिनांक तक कोई व्यवस्था नहीं हुई.

# अवैध रुप से खाद का भंडारण करने पर केंद्र सील

नवभारत न्यूज

**सागर 19 जुलाई. एसडीएम श्रीमती अदिति यादव के द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारण करने पर खाद भंडार केंद्र को सील किया गया है और आगे की पुलिस कार्रवाई की जा रही है.**

एसडीएम श्रीमती अदिति यादव ने बताया कि शाहपुर में संयम जैन द्वारा, सत्यम टेंडर्स के द्वारा अपने दुकान के भंडारण कमरों में डीएपी, पोटाश का भंडारण किया गया है. विक्रेता के पास 500 बोरी से अधिक डीएपी एवं 50 बोरी से अधिक यूरिया का अवैध भंडारण पाया गया, साथ ही विक्रेता के द्वारा यूरिया 266 रुपए कीमत बाली यूरिया 450 रुपए से अधिक की कीमत में बेचना भी पाया गया.



उक्त फर्म अधिकृत विक्रेता है किंतु भंडारण में पाई गई खाद के आवक की रसीदें नहीं है तथा श्रोत से भेजी गई खाद का कोई प्रमाण नहीं है. पीओएस मशीन में आवक भी प्रदर्शित नहीं हो रही है किसी भी प्रकार की साक्ष्य उपलब्ध न होने पर भंडार केंद को सील किया जा रहा है तथा पुलिस कार्यवाही की जा रही है. इस अवसर पर उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी के साथ राजस्व, कृषि और पुलिस की टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है.

## क्षतिग्रस्त भवन गिराया गया

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 19 जुलाई. एसडीएम अशोक सेन एवं तहसीलदार व सीएमओ निर्मल सिंह राठौर के मार्गदर्शन में अतिक्रमण दल द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से शनिचरा बाजार में एक मेडिकल के सामने बने जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवन को नायब तहसीलदार राजकुमार शुक्ला तथा नगर परिषद के इंजीनियर आकाश जैन की मौजूदगी में गिराया गया.**

लगातार हो रही बारिश के दौरान किसी प्रकार की जनहानि ना हो इसलिए मकान गिराया गया. ज्ञात




हो पूर्व में नप के कर्मचारियों द्वारा जर्जर एवं क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित कर लाल स्याही से क्रॉस का निशान लगाकर संबंधित मकान मालिकों को नोटिस जारी कर भवनो की मरम्मत करने एवं मकान खाली करने हेतु हिदायत दी गई है. उक्त कार्यवाही के दौरान सतीश सिलावट, पुष्पेंद्र राजपूत, असरफ खान मौजूद थे.

## फिंगरप्रिंट तकनीकी से अपराधों के खुलासे में मदद

नवभारत न्यूज

**सागर 19 जुलाई. अपराध अनुसंधान की दक्षता बढ़ाने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम में अंगुल चिन्ह (फिंगरप्रिंट) से संबंधित एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया.**

प्रशिक्षण का संचालन कार्यवाहक निरीक्षक एस. एल चौधरी एवं सहायक रविन्द्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया. इस अवसर पर पदस्थ विवेचक एवं आरक्षक मददगारों को नेफिस प्रणाली,एमसीयू तथा अज्ञात मृतकों के फिंगरप्रिंट सर्च करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया.



सभी प्रतिभागियों को मौके पर प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया ताकि वे व्यवहार में तकनीकी जानकारी का कुशल उपयोग कर सकें. फिंगरप्रिंट तकनीक अपराधों के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. कई जघन्य अपराध केवल फिंगरप्रिंट साक्ष्य के माध्यम से ही सुलझाए गए हैं. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को आधुनिक अपराध अनुसंधान विधियों से सशक्त बनाना एवं अपराधों के शीघ्र व सटीक खुलासे को सुनिश्चित करना है. इस प्रशिक्षण में जिले के 20 थानों से कुल 35 पुलिसकर्मी उपस्थित रहे.

## गढ़ाकोटा रहस मेला सरकार करायेगी

**सागर.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा गढ़ाकोटा में की गई घोषणा के आधार पर गढ़ाकोटा जिला सागर में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले सांस्कृतिक रहस मेले का संचालन संस्कृति विभाग के माध्यम से स्थाई रूप से किया जायेगा. बता दें कि विभाग अंतर्गत संस्कृति संचालनालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक कला-पंचांग में गढ़ाकोटा जिला सागर में आयोजित होने वाले रहस मेले को सम्मिलित कर लिया गया है.

## खाद गोदाम प्रभारी पर पैसे लेने का आरोप

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 19 जुलाई. भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई ने अतिवृष्टि से खरीफ की फसलों की जांच कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार जीसी राय को ज्ञापन दिया है.**

तहसील क्षेत्र के किसानों ने भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रघुराज सिंह तोमर एवं तहसील अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुचकर किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया है. ज्ञापन में तहसील क्षेत्र के किसानों से जुड़ी छह मांगो का उल्लेख किया गया है.




ज्ञापन में माह जून-जुलाई में हुई अतिवृष्टि से खरीफ की अंकुरित फसलें नष्ट होने की जांच कराने एवं अतिशीघ्र उचित मुआवजा देने की मांग की गई है. वहीं अन्य मांगों में किसानों को नेनो यूरिया एवं डीएपी खाद देने पर जबरजस्ती नही करने कृषि उपज मंडी नियमित संचालित कर डाक एवं विधिवत तौल व्यवस्था बनाने 24 घंटे में जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर बदलवाने एवं किसानों की जमीन के फौती नामांतरण के समय सीमा में कराने की मांग की गई है. वहीं विपणन संघ की खाद गोदाम प्रभारी डीके रावत पर किसानों से खाद वितरण के लिए पैसे लेने का उल्लेख कर कहा गया है कि पैसे लेने की रोक लगाई जाए एवं गोदाम प्रभारी पर कार्यवाही की जाए.

## सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाया

**गढ़ाकोटा.** गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पथरिया रोड ग्राम रेंगुआ के पास सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें एक महिला व एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए थे. पुलिस के अनुसार विनोद पाल, निवासी जूना, थाना रहली मुन्नी बाई, पति रामकृष्ण पाल, निवासी बांस पथरिया, जिला दमोह सड़क दुर्घटना मे घायल हो गए थे.

## बच्चों की सेहत घर-घर दस्तक



नवभारत न्यूज

**रहली 19 जुलाई. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समस्त ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओ एवं शहरी आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दस्तक अभियान के संबंध में प्रभारी बीपीएम/बीसीएम आशीष सराफ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.**


दस्तक अभियान के दौरान 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विकासखंड के लगभग 30 हजार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विटामिन ए का टीमों द्वारा अनुपूरण कराया जायेगा. प्रशिक्षण में पंकज शुक्ला, सतेंद्र पाल सिंह ठाकुर, शंकर ठाकुर, शशांक प्रजापति, पंचम प्रजापति, श्रीराम अहिरवार एवं सभी ग्रामीण आशा कार्यकर्ता एवं शहरी क्षेत्र की सभी आँगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही.

## बच्चों के नाम भगवान के नाम रखें

नवभारत न्यूज

**बंडा19 जुलाई. श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चतुर्वेदी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथाचार्य पंडित राम गोपाल तिवारी ने कहा कि अपने बच्चों के नाम हमेशा भगवान के नाम के अनुरूप रखें, जिससे बार-बार नाम लेने से भगवान का नाम सहज ही मुह से निकलता रहे.**

उन्होंने कहा कि प्रहलाद के पिता हिरणकश्यप हमेशा भगवान के विरोधी रहे थे. एक बार जब भी जंगल में तपस्या करने गई तो वहां पर एक तोते ने नारायण-नारायण कहकर उनके तप में विघ्न डाला, तो वे अन्यत्र स्थान पर गये वहां भी ऐसा ही हुआ तो वे क्रोधित होकर महल वापस आ गई. पत्नी के पूछने पर उन्होंने सारी घटना सुनाई तो पत्नी ने बार-बार नारायण नारायण का नाम लेकर उन्हें समझने का



प्रयास किया. इस समय गर्भ में प्रहलाद ने भगवान के नाम को सुना था, जिससे जन्म के बाद उनके मन में भक्ति की भावना जागृत हुई थी. स्त्रियों को गर्भधारण के समय से ही भगवत भजन और अच्छे संस्कारों का आचरण करना चाहिए जिससे उनकी संतानें संस्कारवान बने. कथा में यजमान ओपी चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी, शंभू शरण तिवारी, हरि नारायण मिश्रा, राधा चरण रावत, सुदामा प्रसाद गोस्वामी, बसंत मिश्रा, निरंजन सिंह, पंचम सिंह, चंद्रभान विश्वकर्मा, बृजेश राय, बलिराम दुबे मौजूद थे.



## विदाई समारोह संपन्न

**ललितपुर.** नेहरू महाविद्यालय में असि.प्रो.राजनीति विज्ञान के पद पर कार्यरत डा.मनोज कुमार का स्थानांतरण कुंवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया होने पर प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा कार्यमुक्त किए जाने पर विदाई समारोह आयोजित किया. इस दौरान विलास पटैरिया, प्राचार्य प्रो. प्रो.आशा साहू, हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा. सुधाकर उपाध्याय, डा.सूबेदार यादव, डा. सुभाष जैन, डा.अवनीश त्रिपाठी, डा.जगत कौशिक, डा.शैलेन्द्र सिंह चैहान, डा.जगवीर सिंह, डा.विनीत अग्निहोत्री, डा.रोहित वर्मा आदि मौजूद रहे.

## देवगढ़ में समाधान ग्राम चौपाल का आयोजन



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 19 जुलाई. ब्लॉक बिरधा की ग्राम पंचायत देवगढ़ में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन किया.**

ग्राम पंचायत देवगढ़ में आयोजित ग्राम चौपाल का आयोजन मुख्य अतिथि विधायक रामरतन कुशवाहा की उपस्थिति में किया गया. विधायकर ने सरकार में संचालित योजनाओं व उनके लाभ के बारे में ग्रामीणों को बताया गया. वर्तमान सरकार में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचना चाहिए. भले ही किसी अपात्र को किसी योजना का लाभ मिल जाए लेकिन कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी जनकल्याणकारी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए, इस बात का विशेष ध्यान रखने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया.

विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्राम में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री रिंकी यादव द्वारा कहा गया कि उनके विभाग द्वारा आंगनबाड़ी में पंजीकृत गर्भवती धात्री माताओं किशोरी बालिकाओं व 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के लिए योजनाएं संचालित है. इस मौके पर ग्राम चौपाल में बीडीओ विरधा, एडीओ समाज कल्याण विभाग बिरधा मातादीन यादव, जयराम, ग्राम प्रधान कृपानसिंह यादव, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायक कल्पना यादव, रोजगार सेवक विनोद कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रिंकी यादव, सहायिका उर्मिला साहू के अलावा ग्रामीण महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे.


### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार संजय कुमार गुप्ता का नाम आधार कार्ड के अनुसार संजय कुमार रावत वल्द अटलबिहारी गुप्ता (आधार कार्ड के अनुसार संजय कुमार रावत आधार कार्ड नं. 7040 8755 9898 ) के नाम से दर्ज किया गया था, इसके पूर्व मेरे पक्षकार के आधार कार्ड पर उनका नाम संजय कुमार गुप्ता वल्द अटलबिहारी गुप्ता था, जो कि पक्षकार का सरनेम गुप्ता था, एवं आधार कार्ड में संशोधन उपरांत गुप्ता की जगह रावत गोत्र दर्ज हो गया है, एवं मेरे पक्षकार द्वारा संजय कुमार गुप्ता वल्द अटलबिहारी गुप्ता नाम से एक संपत्ति क्रय, विक्रय पत्र दिनांक 16-02-2010 पुस्तक नं ए-1, जिल्द नं- 8037 पेज नं- 104 से 108, दस्तावेज नं- 6590 के द्वारा सपंत्ति मौजा परसोरिया पटवारी हल्का नं- 100, सर्किल परसोरिया खसरा नं- 883 मे से 750 वर्गफुट या 69.70 वर्गमीटर भूमि क्रय की थी, जिस पर मेरे पक्षकार द्वारा केनरा बैंक शाखा मकरोनिया से ऋण लिया जा रहा है, यदि किसी व्यक्ति संस्था निकाय को श्री संजय कुमार गुप्ता (आधार कार्ड के अनुसार संजय कुमार रावत आधार कार्ड नं. 7040 8755 9898 ) वल्द अटलबिहारी गुप्ता के द्वारा बैंक केनरा बैंक शाखा मकरोनिया से ऋण लेने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय जो कि 5/18 स्नेह नगर कॉलोनी शिवाजी वार्ड गोपालगंज तह. व जिला सागर (म.प्र.) है में उपस्थित होकर आपत्ति से संबंधित समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करें सात दिवस की अवधि के पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

सागर/दिनांक

सूचनाकर्ता

जलज सोनी एडव्होकेट

सिविल कोर्ट सागर (म.प्र.)

मो.नं. 9407542513


**अनदेखी** झोलाछाप डॉक्टर जाली के सहारे मरीजों को लगा रहे ड्रिप

# बंद अस्पताल को किया जाता है सील, झोलाझाप डॉक्टरों की दुकानें सक्रिय

नवभारत न्यूज

(मुकेश कौशिक)

**खुरई 19 जुलाई. विगत दिनों बीएमओ रामजी ठाकुर के नेतृत्व में पठार पर स्थित एक यूनानी दवाखाना को उस समय सील कर दिया जाता है.**

जब उस दवाखाना का शटर लगा होने के साथ ताले लगे रहते हैं तो वहीं दूसरी तरफ नगर में चल रहे दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकानें खोलकर रूपया छापने का काम करते रहते हैं. जनता ने इस



मामले में कार्यवाही करने वाले अधिकारियों पर उंगली उठाते हुए कहा कि फर्जी तरीके से डाक्टर बनकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाली खुली क्लीनिकों पर छापामार कार्यवाही क्यों नहीं की? प्रशासन की इस कार्यवाही ने कई सवाल खड़े किए हैं. जनता का मानना है कि अन्य झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों पर कार्यवाही क्यों नहीं की गई और न ही आज तक की जा रही है.

नगर में अभी भी दो दर्जन से ऊपर झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर हजारों रूपया कमाने का काम कर रहे है. आखिर खुरई बीएमओ श्री ठाकुर की ऐसी क्या मजबूरी है कि वह इन पर कार्यवाही करने से बच रहे हैं, तो वहीं चारों तरफ झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला चल रहा है. बिना किसी वैध डिग्री या पंजीकरण के लोग खुद को विदेशों में पढ़कर आने वाले डॉक्टर बताकर खुलेआम नियम विरुद्ध इंजेक्शन और बाटल लगाने का काम कर रहे हैं. किसी भी मेडिकल संस्था से डाक्टर होने का प्रमाण पत्र नहीं है,लेकिन फिर भी यह शहर के अंदर बस्तियों में क्लिनिक चलाकर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं. शहर में शिवाजी वार्ड, हाई स्कूल के पास, पुरानी जनपद सहित दो दर्जनों जगहों पर झोलाछाप डॉक्टर एलोपैथिक दवाओं से मरीज का इलाज कर रहे हैं. इन डॉक्टरों के पास कुछ इंजेक्शन, गोलियां और घरेलू नुस्खों से भरे पर्चे होते हैं, यही इनका इलाज है और मजबूर मरीजों के लिए यही आस बन जाता है. जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा हल्कई पिता सुक्के आदिवासी( 50) निवासी पलेथनी की तबीयत खराब होने पर गलत इलाज किया गया था, जिससे मरीज की मृत्यु हो गई थी, इस मामले में बरोदिया पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मामला भी दर्ज किया था.